# अल्पकालिक निविदा सूचना

## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ – 226006

निविदा संख्याः बी–490/2014 दिनांकःजनवरी–21, 2015

निम्नलिखित उपकरणों के क्रय हेतु दो प्रतियों में टेक्निकल एवं वित्तीय भाव पत्र अलग–अलग मुहरबन्द आमन्त्रित किये जाते हैं:–

| क्र0 | उपकरण का नाम | कुल मात्रा | प्रतिभूति राशि (लाख में) | टेण्डर फीस (रू0) | | सम्पूर्ति का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नकद | बैंक ड्राफ्ट/पोस्टल ऑडर द्वारा | |
| 1 | वीएचएफ स्टेटिक/मोबाइल सेट मय सहवर्ती उपकरण। | 700 | 4,00,000/– | 300/– | 350/– | उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय, महानगर, लखनऊ |
| | वीएचएफ हैण्ड हेल्ड रेडियो सेट मय स्पेयर बैटरी, चार्जर सहित। | 633 | | | | |

1. उपरोक्त उपकरणों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्में किसी भी कार्य दिवस में रेडियो मुख्यालय से टेण्डर फीस नकद जमाकर अथवा निर्धारित धनराशि का ड्राफ्ट/पोस्टल आर्डर डाक से भेजकर निविदा फार्म, मय टेक्नीकल/फाइनेन्सियल बिड के प्रारूप व शर्तों सहित प्राप्त कर सकती हैं। निविदा फार्म के साथ उपरोक्त उपकरणों की तकनीकी विशिष्टियॉ (स्पेशिफिकेशन) उपलब्ध करायी जायेंगी। टेण्डर से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में मोबाइल नं. 09454402615 पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा सूचना उ0 प्र0 पुलिस की वेबसाइट www.uppolice.gov.in एवं सूचना विभाग की वेबसाइट www.upgov.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा की अन्य शर्तें निविदा फार्म में उल्लिखित हैं। विभाग के कार्यालय का फैक्स नं. 0522–2335346 है।

2. निविदा के साथ उपकरणों के सम्मुख दर्शायी गयी प्रतिभूति राशि/अर्नेस्ट मनी (EMD) जमा की जायेगी जो डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, बैंक गारण्टी एवं एफ.डी.आर. के रूप में **अपर पुलिस महानिदेशक (दूरसंचार), उ0 प्र0, लखनऊ (ADG, Telecom, U.P., Lucknow)** के पक्ष में बनवाकर प्रस्तुत की जायेगी। ईएमडी जमा करने से छूट के लिए दावा करने वाली फर्मों को उन उपकरणों, जिनकी निविदाएं उनके द्वारा डाली जा रही हैं, के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत ईएमडी से छूट प्रदान किये जाने सम्बन्धी प्रपत्र तकनीकी बिड के साथ उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। जिन फर्मों द्वारा उपरोक्त उपकरणों हेतु पूर्व में आमंत्रित निविदा जिसके तकनीकी बिड दिनांकः 05.01.2015 को खोले गये थे, में भाग लिया गया था तथा उनके द्वारा प्रतिभूति राशि/अर्नेस्ट मनी (EMD) वापस नहीं ली गयी है एवं वैध है, उन्हें पुनः प्रतिभूति राशि/अर्नेस्ट मनी (EMD) सम्बन्धी बैंक ड्राफ्ट लगाने की आवश्यकता नहीं है।

3. विभाग को उपरोक्त सम्पूर्ण निविदा सूचना को निरस्त करने एवं क्रय किये जाने वाले उपकरणों की संख्या घटाने, बढ़ाने का अधिकार होगा।

4. यदि उक्त उपकरण डी.आई./डी.जी.एस. एण्ड डी. दर अनुबन्ध अथवा शासन द्वारा जारी शासनादेशों के अन्तर्गत किसी संस्था/फर्म पर उपलब्ध हो जाते हैं तो निविदा स्वतः निरस्त समझी जाएगी।

5. निविदा प्रक्रिया की समय सारणी निम्नवत होगी–

1– निविदा विक्री की अवधि – दिनांकः 29.01.2015 से दिनांकः 05.02.2015 को 1300 बजे तक।
2– निविदा डालने की अन्तिम तिथि – दिनांकः 05.02.2015 समय 1400 बजे तक।
3– तकनीकी ऑफर खोले जाने की तिथि – दिनांकः 05.02.2015 समय 1600 बजे।

21/1/15

( डी0एस0चौहान )
अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार
उ0प्र0पुलिस रेडियो मुख्यालय,
महानगर लखनऊ
E-Mail : radiohq@nic.in
Website: www.uppolice.gov.in